संचिका संख्या-वि0(27) पे0 को0(भ0नि0ब्याज)-20/2021-__________/वि0,

**बिहार सरकार**

**वित्त विभाग**

## संकल्प

पटना, दिनांक-

विषय : वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान सामान्य भविष्य निधि तथा उसी प्रकार की अन्य निधियों के अभिदाताओं की कुल जमा रकमों पर दी जाने वाली ब्याज दर 01 अप्रैल,2025 से 30 जून,2025 तक 7.1% (सात दशमलव एक प्रतिशत) के निर्धारण के सम्बन्ध में ।

वित्त विभाग के संकल्प ज्ञापांक-133(पें0)/वि0, दिनांक 11.02.2025 द्वारा सामान्य भविष्य निधि/अंशदायी भविष्य निधि में वित्तीय वर्ष 2024-25 के चतुर्थ तिमाही दिनांक 01.01.2025 से 31.03.2025 तक की अवधि के लिए केन्द्र सरकार के अनुरूप ब्याज दर 7.1% (सात दशमलव एक प्रतिशत) लागू किया गया है ।

(2) भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग(बजट प्रभाग) के संकल्प- एफ संख्या-5(3)-बी(पी.डी.)/2023 दिनांक 01.04.2025 द्वारा सामान्य भविष्य निधि तथा उसी प्रकार की अन्य निधियों के अभिदाताओं की कुल जमा रकमों पर वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान दिनांक 01.04.2025 से 30.06.2025 तक की अवधि के लिये ब्याज दर 7.1% (सात दशमलव एक प्रतिशत) निर्धारित की गयी है ।

(3) अतः राज्य सरकार के निर्णयानुसार अभिदाताओं के सामान्य भविष्य निधि एवं अन्य सदृश निधि में अभिदाताओं के संचित राशि पर वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान दिनांक 01.04.2025 से 30.06.2025 तक की अवधि के लिये ब्याज दर 7.1% (सात दशमलव एक प्रतिशत) लागू होगी ।

(4) पटना उच्च न्यायालय/बिहार विधान परिषद्/बिहार विधान सभा के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के अंशदान की राशि पर ब्याज की उक्त दर के निर्धारण के सम्बन्ध में माननीय मुख्य न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, पटना/माननीय सभापति, बिहार विधान परिषद्/माननीय अध्यक्ष, बिहार विधान सभा का अनुमोदन प्राप्त कर संबंधित कार्यालय/सचिवालय द्वारा आदेश निर्गत किया जायेगा ।

आदेश : आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प का प्रकाशन बिहार राजपत्र के असाधारण अंक में किया जाय ।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

ह0/-
(जय सिंह)
सचिव(सं0) ।

..........2

ज्ञापांक-वि0(27)पे0को0(भ0नि0ब्याज)-20/2021-__________/वि0, पटना,दिनांक

**प्रतिलिपि** : महालेखाकार, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।

ह0/-
(जय सिंह)
सचिव(सं0) ।

ज्ञापांक-वि0(27)पे0को0(भ0नि0ब्याज)-20/2021-__________/वि0, पटना,दिनांक

**प्रतिलिपि** : सरकार के सभी विभाग/ विभागाध्यक्ष/ सभी प्रमंडलीय आयुक्त/ सभी जिला पदाधिकारी/ संयुक्त आयुक्त, लेखा प्रशासन, सामान्य भविष्य निधि निदेशालय, वित्त भवन, पटना/ मुख्य लेखा नियंत्रक, वित्त (अंकेक्षण) विभाग/ वित्त विभाग के सभी पदाधिकारी (प्रशाखा पदाधिकारी सहित)/ सभी जिला भविष्य निधि पदाधिकारी/ सभी कोषागार पदाधिकारी को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

ह0/-
(जय सिंह)
सचिव(सं0) ।

ज्ञापांक-वि0(27)पे0को0(भ0नि0ब्याज)-20/2021-__________/वि0, पटना,दिनांक

**प्रतिलिपि** : महानिबंधक, उच्च न्यायालय, पटना/ सचिव, बिहार विधान परिषद्/ सचिव, बिहार विधान सभा को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

ह0/-
(जय सिंह)
सचिव(सं0) ।

ज्ञापांक-वि0(27)पे0को0(भ0नि0ब्याज)-20/2021- 300(पें0) /वि0, पटना,दिनांक 21·4·2025

**प्रतिलिपि** : प्रभारी पदाधिकारी, ई-गजट/ सिस्टम एनालिस्ट, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

21/4/25
(जय सिंह)
सचिव(सं0) ।